RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार, 22 नवंबर 2022 | वर्ष 04 | अंक 186 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक

# रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## 20 करोड़ की कीमत का करीब तीन किलो कोकीन बरामद...!

**मुंबई :** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से दो अफ्रीकी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 20 करोड़ रुपये की कीमत का 2.8 किलो कोकीन बरामद किया गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया, एनसीबी की मुंबई जोनल यूनिट ने रविवार को हवाई अड्डे पर जाल बिछाया और दक्षिण अफ्रीकी महिला को पकड़ा। महिला अदीस अबाबा (इथियोपिया) से आई थी। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान टीम ने अलग-अल आकार के आठ पैकेट्स मेमं 2.8 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किया, जिसे दो जोड़ी जूतों और पर्सों में बनाए गए छेदों में छुपाकर रखा गया था। इसकी कीमत बीस करोड़



रुपये बताई जा रही है।

अधिकारी ने बताया कि पूछताछ करने पर मिरांडा एस नाम की महिला ने खुलासा किया कि उसे अंधेरी पश्चिम उपनगर के एक होटल में एक व्यक्ति को खेप पहुंचानी थी। इसके बाद एनसीबी की टीम तुरंत होटल पहुंची और निगरानी बढ़ा दी गई। उन्होंने कहा, कुछ समय बाद ही एक नाइजीरियाई नागरिक आई और इलाके में इंतजार करने लगी। उसकी हरकतें संदिग्ध लग रही थीं। अधिकारी ने कहा, उस महिला की पहचान एच. मुसा के रूप

### हवाई अड्डे से दो अफ्रीकी नागरिक गिरफ्तार...!

में हुई है, जिसने इस खेप को मुंबई में हासिल करना था। उन्होंने कहा, एनसीबी की टीम को आपत्तिजनकर डेटा के साथ पुष्टि करने वाले मिले हैं, जो उन्हें एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्कर सिंडिकेट से जोड़ते हैं। उन्होंने आगे बताया कि कोकीन को दक्षिण अफ्रीका से मंगाया गया था। इस खेप की जब्ती एक बड़ी उपबल्धि है, क्योंकि स्थानीय ड्रग तस्करी के सिंडिकेट मुंबई, गोवा व आसपास के इलाकों में आगामी त्योहारी सीजन में ड्रग्स की आपूर्ति करना चाहते हैं।

## मुंबई में पार्किंग व्यवस्था से नाराज बॉम्बे HC

### सरकार और बीएमसी को दिए सख्त आदेश

**मुंबई :** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि महानगर में कारों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पार्किंग की जगह निर्धारित करनी होगी. अदालत ने महाराष्ट्र सरकार तथा बृह्नमुंबई नगर निगम (बीएमसी) से पूछा कि वह इस मुद्दे पर क्या कदम उठाने का प्रस्ताव रखती है. मुख्य न्यायाधीश दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति अभय आहूजा की खंडपीठ उन दो याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें व्यापक पार्किंग नीति बनाने और अव्यवस्थित यातायात पर लगाम लगाने के लिए इसका कार्यान्वयन करने का अनुरोध किया गया था.

याचिका में कहा गया कि अव्यवस्थित यातायात के चलते दमकल वाहनों को प्रभावित स्थल तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है. अदालत ने सोमवार को सरकारी वकील पूर्णिमा



कंतारिया से जानना चाहा कि क्या पार्किंग व्यवस्था से जुड़ी कोई नीति है? जब कंतारिया ने ह्यहांह्न में जवाब दिया, तो पीठ ने कहा कि अधिकारियों को शहर में संकरी सड़कों की पहचान करने और यह देखने की जरूरत है कि वहां पार्किंग के लिए जगह कैसे उपलब्ध कराई जा सकती है.

अदालत ने कहा कि सरकार और बीएमसी को एक योजना बनानी होगी. पीठ ने राज्य सरकार और बीएमसी को शहर में पार्किंग स्थल निर्धारित करने के लिए उठाए गए कदमों के साथ-साथ प्रस्तावित उपायों पर चार सप्ताह के भीतर एक व्यापक हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया. अदालत ने कहा कि वह जनवरी 2023 में याचिकाओं पर सुनवाई करेगी.

## पत्नी को उतारा मौत के घाट...!

### हत्यारोपी पति को आरपीएफ ने ट्रेन में पकड़ा

**मुंबई :** मुंबई के पेलहार में पत्न ी की हत्या कर भाग रहे हत्यारोपी पति को ललितपुर आरपीएफ ने खरगापुर रेलवे स्टेशन पर पकड़ लिया और उसे मुंबई क्राइम ब्रांच को सौंप दिया। हत्यारोपी पत्नी की हत्या कर अपने गृह जनपद भदोही जा रहा था। जनपद भदोही निवासी 32 वर्षीय व्यक्ति मुंबई में एक कंपनी में काम करता था। वहां उसने दूसरी शादी कर ली थी और बीते 19/20 नबंवर की रात में उसने मुंबई के पेलहार स्थित आवास में पत्नी की हत्या करके 20 नवंबर को कल्यान रेलवे स्टेशन पर पहुंच गया, जहां से उसने कल्यान से वाराणसी का



जनरल डिब्बे का टिकट खरीदकर वह लोकमान्य तिलक-गोरखपुर एक्सप्रेस (एलटीटी) से बनारस के लिए रवाना हो गया। इसके संबंध में मुंबई के थाना पेलहार में पत्नी की हत्या में उसके खिलाफ धारा 302 के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई और इसकी जांच मुंबई क्राइम ब्रांच ने शुरू कर दी। मुंबई क्राइम ब्रांच को हत्यारोपी की उक्त ट्रेन में जाने की सूचना मिलने पर उसकी जानकारी व फोटो, वर्तमान हुलिया आदि के बारे में झांसी कंट्रोल को सूचना दी गई।

झांसी कंट्रोल से ललितपुर आरपीएफ को उक्त हत्यारोपी के ट्रेन में होने की सूचना मिली, लेकिन तब तक ट्रेन ललितपुर रेलवे स्टेशन से निकल चुकी थी। जिस पर आरपीएफ ने टीकमगढ़ में तैनात आरपीएफ कर्मचारियों पीके सोनी व एसके शर्मा को दी गई, जिस पर ट्रेन के टीकमगढ़ पहुंचने पर दोनों आरपीएफ कर्मचारी ट्रेन में सवार हो गए और जनरल डिब्बे में बैठे हत्यारोपी का मिलान उन्हें भेजे गए हुलिया व फोटो से किया गया, लेकिन एहतियातन उसे चलती ट्रेन में नहीं पकड़ा, लेकिन उसे आरपीएफ कर्मचारियों पर शक हो गया और ट्रेन जैसे ही खरगापुर रेलवे स्टेशन पर रुकी तो वह ट्रेन से उतरकर भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पहले से सतर्क आरपीएफ कर्मचारियों ने उसे खरगापुर रेलवे स्टेशन पर ही धर दबोचा और निजी वाहन से उसे 20 नबंवर की रात में ही आरपीएफ थाना ललितपुर लाया गया।

## मुंबई लोकल ट्रेन में एक और लड़ाई में दो लोगों ने एक-दूसरे को मारा थप्पड़

**मुंबई :** जिसकी स्थानीय ट्रेनों के बिना कल्पना करना मुश्किल है, ने हाल के दिनों में अपनी यात्रा के दौरान कई यात्रियों को लड़ते देखा है। आज की डिजिटल दुनिया के चलते सिटी ट्रांसपोर्ट से ऐसी अव्यवस्था तुरंत सोशल मीडिया पर वायरल होने के लिए शेयर की जाती है. यात्रियों को जहाज पर अपना आपा खोते हुए दिखाने वाले कई वीडियो सामने आने के बाद, मुंबई के स्थानीय लोगों के एक और फुटेज में पुरुषों को आपस में लड़ते हुए दिखाया गया है। यह वीडियो उन्हें विरार जाने वाली ट्रेन के डिब्बे के पायदान के पास



खड़े होकर गाली-गलौज, थप्पड़ और एक-दूसरे को घसीटते हुए दिखाता है। लड़ाई के सटीक स्थान और कारण के स्पष्ट न होने के बावजूद, मुंबई लोकल से विरार तक जाने का वीडियो इंटरनेट पर सामने आया है। फुटेज, जो दो मिनट से अधिक समय तक चलता है, हम दो पुरुषों को बिना रुके विवाद में लगे हुए देख सकते हैं।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# जुनून का खेल!

आखिरकार बहुप्रतीक्षित फीफा वर्ल्ड कप 2022 रंगारंग कार्यक्रमों और कतर तथा इक्वाडोर के बीच खेले मैच के साथ शुरू हो गया। खेल का जुनून करोड़ों लोगों के बीच इस कदर सिर चढ़कर बोल रहा है कि क्रिकेट का करिश्मा फीका नजर आ रहा है। इस आयोजन की मेजबानी एशिया को मिलना इस बात का प्रतीक है कि आने वाले दिनों में अमेरिका व यूरोप जैसा फुटबाल का जुनून इस महाद्वीप में भी नजर आये। इस आयोजन को लेकर कतर लगातार पश्चिमी देशों के निशाने पर रहा है। इस छोटे से देश की आयोजन क्षमता को लेकर लगातार सवाल उठाये जाते रहे हैं। सवाल उसके मानवाधिकारों के रिकॉर्ड को लेकर भी उठते रहे हैं। लेकिन कतर के जज्बे ने दिखाया है कि एशियाई देश भी ऐसे भव्य आयोजन करने में सक्षम हैं। पूरा एशिया भी अब फुटबाल के खुमार में डूबता नजर आ रहा है। इस आयोजन में तमाम टीमों में खेलने वाले चोटी के खिलाड़ियों के साथ केंद्र में अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी और पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो ही रहेंगे। जहां पिछले विश्व कप विजेता फ्रांस अपना खिताब बचाने की कोशिश में रहेगा, वहीं फुटबाल की दिग्गज टीमें ब्राजील, अर्जेंटीना, जर्मनी, इंग्लैंड, स्पेन, बेल्जियम, नीदरलैंड,पुर्तगाल फीफा विश्वकप पर दावेदारी के साथ उतरेंगे। इस आयोजन की खास बात यह भी है कि 1978 के विश्वकप के बाद यह 29 दिन वाला सबसे कम अवधि का आयोजन होगा।


बहरहाल, फीफा वर्ल्ड कप का यह आयोजन अपनी तमाम विशिष्टताओं के लिये याद किया जायेगा। कतर ने इस आयोजन के लिये बड़ी संख्या में आधारभूत संरचनाओं का निर्माण कराया है। कई बड़े स्टेडियम व होटल बनाये गये हैं। यहां तक कि मेट्रो व नई सड़कों का निर्माण इस बड़े आयोजन के लिये किया गया। आयोजन के लिये सात स्टेडियम तो स्थायी बनाये गये हैं, जबकि एक को आयोजन के बाद ध्वस्त कर दिया जायेगा। इसे शिपिंग कंटेनरों के जरिये बनाया गया है। दरअसल, कतर एक छोटा देश है जो आकार के मामले में दुनिया के शीर्ष सौ देशों में भी नहीं गिना जाता। दावा है कि करीब पंद्रह लाख लोग इस आयोजन में शामिल होने के लिये आएंगे जिनमें से कुछ लोगों को पड़ोसी देशों में रहना पड़ सकता है। वैसे कतर ने इस आयोजन के लिये पैसा पानी की तरह बहाया है। पश्चिम देश कई मुद्दों पर इस आयोजन के बाबत कतर को घेरते रहे हैं। इस आयोजन के दौरान करीब छत्तीस लाख टन कार्बन उत्सर्जन की बात कही जा रही है। शराब पर सख्त प्रतिबंध भी पश्चिमी फुटबॉल प्रेमियों की चिंता का विषय रहा है। वहीं मानवाधिकार संगठन इस आयोजन के लिए निर्माण के दौरान भारत, पाक, नेपाल व बांग्लादेश के करीब साढ़े छह हजार प्रवासी श्रमिकों की मौत को लेकर भी सवाल उठाते रहे हैं। वहीं कतर ने इन आंकड़ों को गुमराह करने वाला बताया है। बहरहाल एशिया में फुटबॉल के जुनून के आगे क्रिकेट के दिन कुछ दिन फीके रहने वाले हैं। कोलकाता समेत शेष भारत भी इस जुनून में शामिल है।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# चुनाव की तैयारी में जुटी उद्धव ठाकरे की शिवसेना

**प्रत्येक विधानसभा में 50 हजार नए सदस्य बनाने का निर्देश**

## चुनाव को लेकर पार्टी ने बुलाई पदाधिकारियों की बैठक



**मुंबई :** आगामी मुंबई मनपा सहित अन्य चुनाव को लेकर शिवसेना उद्धव बाळासाहेब ठाकरे पार्टी ने चुनाव की जोरदार तैयारी शुरू कर दी है.इसी कड़ी में तीन -तीन जिलों के पदाधिकारियों के साथ उद्धव ठाकरे बैठक करना शुरू कर दिया है.रविवार को मातोश्री पर कोल्हापुर,सांगली और सातारा जिले के पदाधिकारियों की उन्होंने बैठक बुलाई जिसमे उन्होंने इन सभी जिले के प्रत्येक विधानसभा में 50 हजार नए सदस्य बनाने का टारगेट दिया है.उद्धव ठाकरे बैठक में पार्टी के पदाधिकारियों से चुनाव की तैयारी में लग जाने का निर्देश दिया और कहा कि राज्य में अलग -अलग मुद्दे को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष में जो बयानबाजी चल रही है उस पर ध्यान न देते हुए चुनाव पर ध्यान फोकस करना बेहद जरूरी है.इसलिए सबसे पहले पार्टी के सदस्य बढ़ाना होगा। उद्धव ठाकरे ने समर्थकों को प्रत्येक विधानसभा में 50 हजार नए सदस्य बनाने का निर्देश दिया है. आगामी चुनाव धनुष और बाण के चिन्ह के बिना होने की संभावना है इसलिए उन्होंने प्रमुख नेताओं को मशाल चुनाव चिन्ह को अधिक से अधिक प्रचार करने के लिए कहा.बैठक में पदाधिकारियों ने पक्ष प्रमुख से कहा कि पार्टी की संगठन को मजबूत करने के लिए वरिष्ठ नेताओं को पदाधिकारियों का मार्गदर्शन आवश्यक है इस पर ठाकरे ने नेताओं से आगामी चुनाव की तैयारी शुरू करने की भी अपील की। उद्धव ठाकरे को बड़ा झटका लगा क्योंकि कोल्हापुर से शिवसेना के दोनों सांसद और एकमात्र विधायक प्रकाश आबिटकर शिंदे गुट में शामिल हो गए। सूत्रों के मुताबिक, नेताओं से परोक्ष रूप से इन जिलों से लोकसभा क्षेत्रों के लिए उम्मीदवार तलाशने को कहा गया है.


# ठेकेदार ने किया निकृष्ट दर्जे का काम

## मनपा ने ठोका 50 हजार का जुमार्ना




**मुंबई :** मलाड के मालवणी इलाके में बेहद ही निकृष्ट दर्जे का काम करने के कारण मनपा ने ठेकेदार को नोटिस भेजा है. साथ ही उस पर 50 हजार का जुमार्ना भी ठोका है. इस ठेकेदार को नालों की सुरक्षात्मक दीवार बनाने का ठेका दिया गया था, जांच में यह काम दोयम दर्जे का पाया गया. बताया जाता है कि मालवानी गेट नंबर 1 के पास मानसून से पहले नाली से सटकर सुरक्षात्मक दीवार का निर्माण किया गया था। इस दीवार को अब्दुल हामिद रोड से नेशनल स्कूल तक बनाया गया था। लेकिन काम की गुणवत्ता बेहद ही निकृष्ट दर्जे का था। इस बात की शिकायत सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मनपा से की। बाद में, जब पी नॉर्थ डिवीजन कार्यालय के अधिकारियों ने काम का निरीक्षण किया तो उन्होंने काम को खराब स्तर का पाया। जिसके बाद, नगरपालिका प्रशासन ने ठेकेदार को एक नोटिस जारी किया और 50 हजार जुमार्ना ठोका. इसके अलावा निविदा की शर्तों के अनुसार फिर से दीवार बनाने को कहा।

# देह व्यापार के दल दल से मुक्त करवाई गई नाबालिग...!



**मुंबई :** पुलिस ने देह व्यापार के दल दल से एक नाबालिग को मुक्त करवाया है और केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने एक जानकारी के बाद एक लॉज पर छापा मारा और पीड़ित लड़की को वेश्यावृत्ति के धंधे से छुड़ा लिया। पीड़िता ने बताया कि लक्ष्मण शेट्टी नाम का एक दलाल लड़की से अलग-अलग जगहों पर देह व्यापार करवा रहा था। लड़की को दलाल लक्ष्मण शेट्टी द्वारा अनार्ला स्थित एक लॉज में बुलाया गया और वहीं रखा गया। साथ ही 29 अक्टूबर को लॉज चलाने वाले आकाश गुप्ता ने उसे देह व्यापार के लिए एक विदेशी के पास जाने को मजबूर किया। इसी लॉज में एक अन्य आरोपी सुशांत पुजारी ने उसकी मर्जी के खिलाफ उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। पुलिस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जांच में जुटी है।

# क्रिकेट सट्टे में पैसा गंवाने के बाद युवक ने की आत्महत्या!



**नागपुर :** नागपुर के कोराडी में क्रिकेट सट्टेबाजी में भारी आर्थिक नुकसान के कारण अवसाद में चल रहे एक युवक ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी के मुताबिक प्रशांत सरकार (25) के पिता ने उसका कुछ कर्ज चुका दिया था। उनके अनुसार प्रशांत पर लाख रुपये का कर्ज था। कोराडी पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि प्रशांत सरकार ने शनिवार को पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली।



# महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के साथ गठबंधन भाजपा का होगा भारी नुकसान -आठवले

**मुंबई :** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के साथ अगर भाजपा अगर गठबंधन करती है तो उसे भारी नुकसान हो सकता है साल 2014 लोकसभा चुनाव से भाजपा के पारंपरिक मतदाता हिंदी भाषीय और गुजराती भाजपा का साथ छोड़ सकते है.राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा से चुनाव में कांग्रेस को कोई फायदा नहीं होगा।हिमाचल और गुजरात विधानसभा चुनाव में एनडीए की एक बार फिर सरकार बनेगी आगामी मुंबई मनपा चुनाव में भाजपा का महापौर और आरपीआई का उपमहापौर होगा शिंदे -फडणवीस सरकार की होने वाली मंत्रिमंडल विस्तार में आरपीआई को भी स्थान मिलना चाहिए मंगलवार को पवई स्थित हमारा महानगर कार्यालय में सदिच्छा भेट देने आए केंद्रीय सामाजिक न्याय राज्य मंत्री रामदास आठवले से ऐसे विभिन्न मुद्दे पर कुछ बातचीत के अंश. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा और मनसे के बीच गठबंधन की चल रही चर्चा में



अगर सच्चाई है तो यह भाजपा के लिए घातक है. आगामी चुनाव में भाजपा अगर मनसे के साथ गठबंधन करती है तो उसे भारी नुकसान होगा।क्योंकि साल 2014 लोकसभा चुनाव के बाद हर चुनाव में हिन्दी भाषीय मतदाता एकजुट होकर भाजपा को मतदान कर रहे है लेकिन मनसे के साथ गठबंधन के बाद हिंदी भाषीय के आलावा गुजराती मतदाता भाजपा का साथ छोड़ सकते है जिसके कारण भाजपा को भारी नुकसान हो सकता है.मनसे के साथ गठबंधन का आरपीआई पहले भी विरोध किया था आज भी विरोध कर रही है. केंद्र सरकार केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग कर रही है यह विपक्ष का आरोप बेबुनियाद और निराधार है सीबीआई और ईडी एक स्वतंत्र संस्था है जो सबूत और कागज के आधार पर कारवाई करती है. एमवीए का आरोप है सरकार बनाने के लिए जांच एजेंसी का उपयोग किया गया है वह बिलकुल गलत है पिछली केंद्र सरकार में भी जांच एजेंसी कारवाई करती थी इसका यह मतलब नहीं हुआ कि वो भी इस एजेंसियों का दुरुपयोग करती थी.

## उद्धव ठाकरे ने भाजपा को दिया धोखा

**शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे ने जिस पार्टी और विचारधारा के खिलाफ लड़कर अपने संगठन को खड़ा किया उसी विचारधारा और पार्टी के साथ हाथ मिलाकर उध्दव ठाकरे ने बालासाहेब ठाकरे के साथ धोखा किया।साल 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा -शिवसेना और आरपीआई की गठबंधन ने मिलकर चुनाव लड़ा था जिसे जनता ने बहुमत भी दिया लेकिन उध्दव ठाकरे ने भाजपा के साथ धोखा कर कांग्रेस -राकांपा के साथ मिलकर सरकार बनाई।**

## नाराजगी के कारण टूटी शिवसेना

**साल 2019 के चुनाव के बाद कांग्रेस -राकांपा के साथ सरकार बनाने के बाद उद्धव ठाकरे के इस फैसले से शिवसेना के विधायक और नेता काफी नाराज हो गए थे.जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा एकनाथ शिंदे के साथ कई विधायक उध्दव ठाकरे को छोड़कर चले गए और उनके समर्थन से राज्य में शिंदे -फडणवीस की सरकार से बन गई.**

## अमित शाह ने नहीं किया था कोई वादा...!

**साल 2019 के विधानसभा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बंद कमरे में शिवसेना को ढाई साल का मुख्यमंत्री पद देने का कोई वादा नहीं किया था. अगर वे ऐसा वादा करते तो मीडिया के पास ऐसी महत्वपूर्ण जानकारी छिपी नहीं रहती। केंद्रीय मंत्री नारायण राणे द्वारा कोंकण में आयोजित एक कार्यक्रम में अपने भाषण में इसका जिक्र खुद अमित शाह कर चुके है. चुनाव प्रचार की सभा में शिवसेना के नेताओं के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह बार -बार अपने भाषण में कहते थे कि दिल्ली में नरेंद्र और महाराष्ट्र में देवेंद्र लेकिन उस समय शिवसेना ने इसका समर्थन किया था लेकिन जब चुनाव के नतीजे आए और भाजपा को उम्मीद कम सीट मिला तो उद्धव ठाकरे मौका देखकर ढाई -ढाई साल के मुख्यमंत्री पद का मुद्दा उठाते हुए भाजपा को धोखा देकर कांग्रेस -राकांपा के साथ मिलकर सरकार बना ली.**

# जब रातों रात लाइमलाइट में आ गई थी मोनालिसा, जानें क्या था पूरा मामला...!



तौबा तौबा से धमाल मचाने वाली मोनालिसा को भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में बहुत ही दिग्गज एक्ट्रेस माना जाता है. ये शानदार अदाकारा आज अपने 40वें जन्मदिन को मना रही है. मोनालिसा अपनी फिल्मों के साथ पर्सनल लाइफ को लेकर भी बहुत सुर्खियां लूट चुकी हैं. मोनालिसा के बर्थडे मौके पर आइए जानते हैं उनकी पर्सनल लाइफ के एक ऐसे किस्से के बारे में जिससे वो रातों रात लाइमलाइट में आ गई थी.

इस बात से हो गई थी मशहूर

मोनालिसा ने अपनी फिल्मों से बहुत नाम कमाया लेकिन उनकी लाइफ में एक ऐसा इंसिडेंट भी हो चुका है जिसकी वजह से वो रातों रात चर्चा का विषय बन गई थी. दरअसल, मनोरंजन जगत में एक बार मोनोलिसा को लेकर ये बात फैल गई थी कि वो एक बूढ़े आदमी को डेट कर रही हैं. इस बात के फैलने के बाद मोनोलिसा रातों रात फिल्मी गलियारों में लाइमलाइट में आ गई थी. हालांकि बाद में मोनालिसा ने खुद इन सभी खबरों को अफवाह का नाम देकर खारिज कर दिया. इसके साथ उन्होंने ये भी कहा था कि ये सारी बातें झूठ के सिवा और कुछ नहीं हैं.

मोनालिसा ने अपने शानदार करियर में 'तौबा तौबा, 'मनी है तो हनी है 'भोले शंकर', 'सात सहेलिया समेत हिंदी, बंगाली, तेलुगू, कन्नड़ और उड़िया फिल्मों में भी एक्टिंग का जलवा दिखा चुकी हैं. फिल्मों के साथ मोनालिसा कई धारावाहिकों में भी काम कर चुकी हैं. इसके साथ वो कई फिल्मों में आइटम नंबर का भी तड़का लगा चुकी हैं. इसके अलावा मोनोलिसा इंस्टाग्राम पर भी काफी एक्टिव रहती हैं. वो अपने फैंस के लिए आए दिन नए-नए फोटोज शेयर करती रहती हैं.

# नीलम गोरहे ने शिंदे गुट में शामिल होने की अफवाहों का किया खंडन...!



**मुंबई :** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता नीलम गोरहे ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खेमे में शामिल होने की अफवाहों का रविवार को खंडन किया। राज्य विधानपरिषद की उपाध्यक्ष गोरहे ने कहा कि शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के प्रति उनकी प्रतिबद्धता अटल है तथा वह भविष्य में उसके साथ ही रहेंगी। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने की मीडिया में आयी खबरों का खंडन करते हुए गोरहे ने एक बयान में कहा, ''मैंने मुंबई दौरे पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की थी। इसका कोई राजनीतिक उद्देश्य नहीं था।'' गोरहे ने शनिवार को एक ट्वीट में कहा था कि उन्होंने श्रद्धा वालकर हत्या मामले पर ज्ञापन सौंपने के लिए बिरला से मुलाकात की थी। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ने उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पार्टी के नेता ने यह भी कहा था कि शिंदे और राज्य विधानसभा अध्यक्ष राहुल नर्वेकर भी बिरला से मिलने के लिए उपस्थित थे। इस मुलाकात ने इन अफवाहों को हवा दी कि गोरहे ने शिंदे से मुलाकात की तथा उपाध्यक्ष के तौर पर अपनी कुर्सी बचाने के लिए शिंदे गुट में शामिल होने की उनकी (गोरहे की) योजना है क्योंकि राज्यपाल द्वारा अपने कोटे से 12 सदस्यों को उच्च सदन में मनोनीत करने के बाद विधानपरिषद में शिंदे खेमा-भाजपा सदस्यों की संख्या बढ़ेगी। खबरों में यह भी दावा किया गया था कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व को लेकर भी गोरहे नाखुश हैं।

# सड़क हादसे में एक और SPO की मौत!

## बाइक और कार की टक्कर में गई जान





**जम्मू:** जम्मू में बीते चार दिन में दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो स्पेशल पुलिस ऑफिसर (रढड) की मौत हो गई है। रविवार को जम्मू के दोमेल क्षेत्र में बाइक और कार की टक्कर में एक एसपीओ की मौत हो गई है। इससे पहले बुधवार को शहर के बाहु फोर्ट नाके के पास हुए सड़क हादसे में एसपीओ की मौत हो गई थी।

जानकारी के अनुसार, जम्मू के दोमेल में बाइक और कार की टक्कर में हो गई। इस हादसे में एसपीओ मनोहर लाल घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। एसपीओ मनोहर लाल (40) पुलिस थाना झज्जर कोटली में तैनात थे और सुकेतर दोमेल के रहने वाले थे। बुधवार को जम्मू के बाहु फोर्ट नाके के पास सुबह करीब चार बजे ट्रक और टिप्पर की टक्कर हो गई। ट्रक श्रीनगर से तमिलनाडु की ओर जा रहा था। इस हादसे में स्पेशल पुलिस ऑफिसर रजत चौधरी की मौत हो गई।

दैनिक
रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : मंगलवार, 22 नवंबर 2022





# महाराष्ट्र सरकार का बड़ा ऐलान...!

## अब गोदावरी नदी के तट पर रोज होगी महाआरती



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में आगामी चुनाव के पहले शिंदे-फडणवीस सरकार ने हिंदुत्व कार्ड खेला है। महाराष्ट्र सरकार ने ऐलान किया है कि नासिक में गोदावरी नदी के तट पर अब हर रोज महाआरती होगी। बनारस, अयोध्या की तर्ज पर गोदावरी नदी के तट पर हर रोज शाम 7 बजे महाआरती की जाएगी। गोदावरी नदी को दक्षिण की गंगा कहा जाता है। केंद्र सरकार ने गोदावरी नदी के तट के जीर्णोद्धार के लिए 5 करोड़ रुपये का निधि मंजूर किया है। महाआरती के लिए 11 पुजारियों की नियुक्ति की जाएगी। रामायण काल में भगवान राम वनवास के दौरान नासिक में रुके थे। कुंभ मेले का आयोजन भी नासिक में होता है।

### महाराष्ट्र में शिंदे-फडणवीस की सरकार

**गौरतलब है कि शिवसेना दो धड़ों में बंट चुकी है। शिवसेना के एक धड़े की कमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथ में तो शिवसेना के दूसरे धड़े की बागडोर उद्धव ठाकरे के पास है। दोनों ही शिवसेना पर अपना-अपना दावा कर रखा है। एनकनाथ शिंदे और उनके समर्थक विधायकों की बगावत के बाद उद्धव ठाकरे की सरकार गिर गई थी। इसके बाद शिंदे ने बीजेपी के साथ मिलकर महाराष्ट्र में सरकार बना ली।**

### राज्यपाल के विवादित बयान पर बवाल

**बता दें कि एक ओर से महाराष्ट्र में राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के बयान को लेकर बवाल मचा है, वहीं अब शिंदे-फडणवीस सरकार ने एक नया ऐलान कर विपक्ष को हमलावर होने का एक और मौका दे दिया है। दरअसल, राज्यपाल कोश्यारी ने महाराष्ट्र के आराध्य देव छत्रपति शिवाजी महाराज को लेकर कहा कि अब वे पुराने हीरो हो गए हैं। उनकी जगह पर नितिन गडकरी और शरद पवार को महाराष्ट्र का नया हीरो मान लेना चाहिए। राज्यपाल की इस विवादित टिप्पणी पर उद्धव गुट की शिवसेना के नेता लगातार हमलावर हैं।**

# बेटी को मेडिकल सीट देने का वादा...!

## मुंबई के वैज्ञानिक से 18 लाख की ठगी

**मुंबई: सोमवार को एक ठग ने इसरो के एक वैज्ञानिक को उसकी बेटी के लिए मेडिकल सीट दिलाने का झांसा देकर 18 लाख रुपये ठग लिए। बेंगलुरु में उप्परपेट पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और संदिग्ध की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक, जिस व्यक्ति को ठगा गया है, वह इसरो के वैज्ञानिक 48 वर्षीय चिदानंद शिवप्पा मुगदुम हैं, जो मुंबई में सीजीएस कॉलोनी में रहते हैं।**




ठगी करने वाले की पहचान अरुण दास के रूप में हुई है। पुलिस समझाती है कि वैज्ञानिक चिदानंद की बेटी एमबीबीएस की तैयारी कर रही है। दो महीने पहले, आरोपी ने एक फोन कॉल के माध्यम से वैज्ञानिक से संपर्क किया और उसे बेंगलुरु में एक मेडिकल सीट देने का वादा किया। आरोपी अरुण दास ने दो बार पीड़िता के घर जाकर अपनी बेटी के शैक्षिक दस्तावेजों का सत्यापन भी किया था। पुलिस ने कहा कि उसने बेंगलुरु में बीजीएस ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में सीट देने का वादा किया था।

उसने कॉलेज की फीस के लिए 10 लाख रुपये, दान के रूप में 18 लाख रुपये की मांग की और पीड़िता को पैसे लेकर बेंगलुरु आने को कहा। पीड़ित, जाल में फंसते हुए, 12 नवंबर को अपनी बेटी, एक रिश्तेदार और पैसे के साथ बेंगलुरु पहुंचा। मुलाकात के बाद अरुण दास ने 18 लाख रुपए चंदा लिया। उन्होंने पिता का विश्वास जीतने के लिए चेक भी जारी किया। आरोपी यह कहकर पैसे लेकर चला गया कि वह ट्रस्ट के बैंक खाते में चंदा की राशि जमा कर प्रवेश के लिए वापस आएगा। वह वापस नहीं लौटा, पीड़ित ने उसे फोन करने की कोशिश की लेकिन उसका फोन स्विच ऑफ था। आखिरकार, वैज्ञानिक को एहसास हुआ कि उसे धोखा दिया गया है और उसने पुलिस से संपर्क किया।

# दुर्घटना में 9 साल पहले घायल महिला को 19.6 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश




**ठाणे :** महाराष्ट्र में ठाणे दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) ने 2013 में सड़क दुर्घटना में घायल एक 48 वर्षीय महिला को 19.6 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया। एमएसीटी के अध्यक्ष अभय जे मंत्री ने दो प्रतिवादियों को निर्देश दिया, जिनके खिलाफ 14 नवंबर को एकतरफा आदेश जारी किया गया था कि वे महिला को दावा करने की तारीख से सात प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ भुगतान करें। दावेदार के वकील ने न्यायाधिकरण को बताया कि 7 मार्च, 2013 को यहां भायंदर इलाके की रहने वाली महिला वलिव के चिंचपाड़ा में अपने कार्यस्थल की ओर जा रही थी, जब एक 'रोड रोलर मशीन' ने उसे टक्कर मारी। महिला को गंभीर चोटें आईं और उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। दावेदार ने यह भी बताया कि उसे रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोटें आईं और वह अपने रोजाना के कार्यों को करने में असमर्थ है। उन्होंने न्यायाधिकरण को यह भी बताया कि वह (महिला) लेखाकार के तौर पर काम करती थी और 34,200 महीना कमाती थी। एमएसीटी के अध्यक्ष ने कहा कि उनके विचार में, महिला की स्थायी कार्यात्मक अक्षमता को 20 प्रतिशत की सीमा तक और भविष्य की कमाई क्षमता के नुकसान को 15 प्रतिशत के रूप में माना जाना उचित होगा। उन्होंने रोड रोलर के मालिकों को महिला को 19.60 लाख रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया, जिसमें आय के नुकसान के साथ-साथ अन्य खर्चों और कष्टों के लिए मुआवजा भी शामिल है।

# महरौली हत्या : महाराष्ट्र के फ्लैट से जून में 37 बक्सों में आफताब ने दिल्ली भेजा था सामान

**मुंबई :** इस साल मई में अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर की हत्या के मामले में आरोपी आफताब पूनावाला ने महाराष्ट्र के पालघर जिले स्थित अपने घर से जून में 37 बक्सों में सामान दिल्ली भेजा था और इसके लिये 20 हजार रुपये का भुगतान किया था। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।





पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पूनावाला ने दिल्ली पुलिस को बताया था कि राष्ट्रीय राजधानी जाने से पहले उसके और वालकर के बीच लड़ाई हुई थी कि पालघर के वसई इलाके में उनके घर से सामान भेजने का खर्च कौन उठाएगा। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि वे 'गुडलक पैकर्स एंड मूवर्स कंपनी' के माध्यम से पता लगाएंगे कि जून में फर्नीचर और अन्य घरेलू सामानों को भेजने के लिए किसके खाते का उपयोग कर 20,000 रुपये का भुगतान किया गया था।

अधिकारी ने कहा कि रविवार को दिल्ली पुलिस की एक टीम द्वारा महाराष्ट्र के पालघर जिले में पैकेजिंग कंपनी के एक कर्मचारी का बयान दर्ज करने के बाद, यह पता चला कि पूनावाला ने वसई के एवरशाइन सिटी में व्हाइट हिल्स सोसाइटी के अपने फ्लैट से 37 बक्सों में सामान जून में दिल्ली के छतरपुर क्षेत्र स्थित अपने आवास पर भिजवाया था। दिल्ली पुलिस की टीम पीड़िता के पैतृक स्थान वसई के मानिकपुर में है, जहां राष्ट्रीय राजधानी में जाने से पहले आफताब और श्रद्धा रुके थे।

अधिकारियों ने कहा कि पुलिस ने रविवार को उस घर के मालिक का भी बयान दर्ज किया, जहां वालकर और पूनावाला 2021 में रुके थे। उन्होंने मुंबई के पास मीरा रोड इलाके में उस फ्लैट के मालिक का भी बयान दर्ज किया था, जहां आरोपी के परिवार के सदस्य एक पखवाड़े पहले रह रहे थे। पूनावाला ने इस साल मई में वालकर (27) की दिल्ली में कथित तौर पर हत्या कर दी थी।

# राज्यपाल कोश्यारी को कहीं और भेजा जाए- गडकरी



**मुंबई :** महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के छत्रपति शिवाजी महाराज को लेकर दिए गए बयान पर लगातार बवाल मचा हुआ है. इस बीच एकनाथ शिंदे गुट की ओर से भी राज्यपाल के बयान को लेकर नाराजगी देखने को मिल रही है. पार्टी के विधायक संजय गायकवाड ने मांग की है कि राज्यपाल कोश्यारी को किसी अन्य जगह पर भेजा जाए. दरअसल राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने नितिन गडकरी की ह्युतुलनाह्र छत्रपति शिवाजी से करते हुए कहा था कि छत्रपति शिवाजी महाराज पुराने जमाने के आदर्श हैं. अब नितिन गडकरी आदर्श हैं. राज्यपाल कोश्यारी ने औरंगाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में बीजेपी के वरिष्ठ नेता नितिन गडकरी और एनसीपी नेता शरद पवार को डी. लिट की डिग्री प्रदान करने के बाद यह टिप्पणी की थी।

मालिक, मुद्रक,प्रकाशक,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com